**-:प्रेस नोट:-**

दिनांक- 13.06.2025

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

## Traffic Advisory

- कृपया अवगत हों कि सुगम यातायात व्यवस्था हेतु दिनांक 14.06.2025 के सायंकाल से दिनांक 15.06.2025 की देर रात्रि तक जनपद बांदा से कानपुर, फतेहपुर, रायबरेली और लखनऊ जाने वाले भारी वाहनों का संचरण प्रतिबंधित रहेगा। इसके अनुपालन में पपरेंदा से चिल्ला की तरफ और बांदा से बेंदाघाट होते हुए फतेहपुर/रायबरेली/लखनऊ को जाने वाले मोरम,गिट्टी सहित सभी भारी वाहन ट्रक आदि बंद रहेंगे।

- बांदा से लखनऊ और कानपुर जाने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे होते हुए कभी भी जा सकते हैं। प्रयागराज और चित्रकूट जाने वाले भारी वाहन सामान्य दिनों की तरह संचारित होंगे।

- हल्के और छोटे वाहन सामान्य दिनों की तरह सभी मार्गों से आ जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त अतिआवश्यक सेवाओं/वस्तुओं वाले वाहन तथा परिवहन बसें सामान्य दिनों की तरह अपने निर्धारित मार्गों से आ जा सकेंगे।

- अतः आमजनमानस से अनुरोध है कि दिनांक 14.06.2025 के सांयकाल से दिनांक 15.06.2025 की देर रात्रि तक बांदा से चिल्ला और बांदा से बेंदा घाट की तरफ भारी वाहन ले जाने से बचें, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे या अन्य वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग कर अपने गंतव्य तक पहुंचें। यातायात के नियमों का पालन करें। सुरक्षित रहें।

**अपील:-** सभी से अनुरोध है कि यातायात डायवर्जन का अनुपालन करें तथा वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।